पंजाब केसरी 09/02/2026

# जी.एम.एन. कॉलेज की एन.एस.एस. इकाई ने खुड्डा कलां में लगाया नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर

अम्बाला, 8 फरवरी (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला छावनी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) इकाई द्वारा आयोजित 7 दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत रविवार को गांव खुड्डा कलां में एक निजी अस्पताल के सहयोग से नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। यह दिवस सेवा, स्वास्थ्य संरक्षण और सामाजिक जागरूकता को समर्पित रहा। दिवस का शुभारंभ प्रातः प्रार्थना, एन.एस.एस. गीत तथा योगाभ्यास से हुआ। एन.एस.एस. स्वयंसेवकों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

कॉर्निया विशेषज्ञ डा. परनीत के नेतृत्व में मलकीत, प्रीति, चंचल और रूपाली की टीम ने ग्रामीणों व बच्चों की आंखों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। डा. परनीत ने बताया कि शिविर में जांच करवाने वाले मरीजों को आगे भी नि:शुल्क फॉलोअप व उपचार की सुविधा दी जाएगी। उन्होंने नियमित नेत्र परीक्षण, संतुलित जीवनशैली और मोबाइल के सीमित उपयोग पर जोर दिया। इस अवसर पर विनोद विवास जनरल मैनेजर, ऑपरेशंस, प्रीति श्रीधर एडमिनिस्ट्रेटिव [illegible] शाइदर हैड, सर्जरी मैनेजमैंट तथा राजेश कुमार हैड, सी.एस.आर. मौजूद रहे।

*कार्यक्रम के दौरान सम्बोधित करते वक्ता।* (चंद्रमोहन)

*कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित स्वयंसेवक व अन्य।* (चंद्रमोहन)

कार्यक्रम के दौरान गांव खुड्डा कलां के प्रसिद्ध समाजसेवी बृजपाल राणा ने जी.एम.एन. कॉलेज की एन.एस.एस. इकाई एवं नेत्र चिकित्सकों की सराहना करते कहा कि इस प्रकार के स्वास्थ्य शिविर ग्रामीण समाज के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होते हैं। इसके अतिरिक्त महिला प्रकोष्ठ की ओर से लैंगिक समानता विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। डा. नेहा अग्रवाल ने महिलाओं और बालिकाओं के अधिकारों, शिक्षा, सुरक्षा तथा समान अवसरों के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी।

जी.एम.एन. कॉलेज, अम्बाला कैंट के कम्प्यूटर एप्लिकेशन विभाग के सहायक प्राध्यापक श्याम रहेजा ने तकनीक के सुरक्षित उपयोग पर कहा कि डिजिटल लेन-देन और ऑनलाइन संचार में सतर्कता जरूरी है। उन्होंने यू.पी.आई. इस्तेमाल करते समय ओ.टी.पी. या पिन साझा न करने और अनजान लिंक से बचने की सलाह दी। साथ ही जीमेल पर मजबूत पासवर्ड रखने तथा संदिग्ध ईमेल से सावधान रहने को कहा और विद्यार्थियों को तकनीक का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां समाज सेवा की भावना को मजबूत बनाती हैं तथा विद्यार्थियों को जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देती हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि जी.एम.एन. कॉलेज की एन.एस.एस. इकाई भविष्य में भी जनसेवा के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभाती रहेगी।

एन.एस.एस. कार्यक्रम अधिकारी डा. पिंकी गुप्ता, डा. चंद्रपाल पुनिया तथा एन.एस.एस. इकाई के सलाहकार सदस्य गीति बिंद्रा और राजिंदर मीरवाल ने स्वयंसेवकों के अनुशासन, सेवा-भाव और सक्रिय भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों में सामाजिक संवेदनशीलता और मानवीय मूल्यों को विकसित करते हैं।

अंत में सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने विभिन्न सामाजिक विषयों पर अपनी सृजनात्मक प्रतिभा का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ गरिमामय वातावरण में हुआ।